an>

Title: Regarding construction of a railway line from Yamunanagar to Chandigarh and construction of under bridge at Panchkula Station.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र अम्बाला में रेलवे कनेक्टिविटी की तरफ दिलाना चाहता हूं। यद्यपि भारत सरकार ने अम्बाला रेलवे स्टेशन को ए-1 और यमुना नगर रेलवे स्टेशन को ए-क्लास बनाने का निर्णय किया है। लेकिन मेरा अनुरोध है कि चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का पूर्वी हिस्सा मेरे लोकसभा क्षेत्र पंचकुला में आता है। वहां 700 एकड़ जमीन खाली पड़ी है। वहां रेलवे यात्री निवास बनाया जा सकता है। वहां बिजनेस काम्प्लेक्स खोला जा सकता है। मेरा अनुरोध है कि उसे इस्तेमाल में लाया जाए।

इसके साथ हमारी एक बहुत पुरानी मांग यमुना नगर से चंडीगढ़ रेलवे लाइन की है। पिछले कई सालों के बजट सत्र में उसका जिक्र हुआ लेकिन उसके लिए पैसे की अलाटमेंट आज तक नहीं हुई है। मैंने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी से भी इस बारे में कई बार बात की है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार हरियाणा को मिलकर कमेटी बनाई है, जो इस बारे में विचार करे। मैं प्रार्थना करूंगा कि तुरंत इस विÂ◌ाय पर निर्णय लिया जाए। इसके अतिरिक्त पंचकुला के सैक्टर 19 में एक अंडर ब्रिज बनाने का मामला है। अम्बाला रेलवे रोड पर अंडर ब्रिज बनाने का मामला है। रदौर रोड पर अंडर ब्रिज बनाने का मामला है। मुस्ताबाद में ओवर ब्रिज बनाने का मामला है।

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि जन हित में इन सभी अंडर ब्रिजिज और ओवर ब्रिजिज को बनाया जाए ताकि जनता को सहूलतें प्रदान की जा सकें।